***प्रेस नोट*** **01/06/2025**

**थाना मुहम्मदाबाद पुलिस टीम द्वारा हत्या मामलें में 25000 हजार रुपये का इनामिया/ वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्रि के कुशल पर्वेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में थाना मुहम्मदाबाद पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब दिनांक 01.06.2025 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन मुहम्मदाबाद गोहना के पूर्वी छोर की चहार दीवारी कट वाले रास्ते के पास मु0अ0सं0 112/2025 धारा 103, 61(2) बीएनएस से संबंधित 25000 रुपये का इनामिया/वांछित अभियुक्त संजय कुमार पुत्र ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश निवासी गालिबपुर थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया। जिसके द्वारा दिनांक 08/09.03.2025 की रात्रि परिवारिक सम्पत्ति के बंटवारे के विवाद को लेकर ग्राम गालिबपुर में अपनी सौतेली दादी की गला घोंट कर हत्या करने मामले मे फरार चल रहा था। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तार इनामिया अभियुक्त–

1. संजय कुमार पुत्र ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश निवासी गालिबपुर थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ।

संबंधित अभियोग–

1. मु0अ0सं0 112/2025 धारा 103, 61(2) बीएनएस थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

1. उ0नि0 श्री सुरजीत सिंह थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ।
2. 2. हे0 का0 विवेक गुप्ता थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ।
3. 3.का0 रोहित कुमार यादव थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ।

**वध हेतु जा रहे 02 राशि गोवंश बरामद, 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 01.06.2025 को थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर ग्राम भिखमपुर से 01 शातिर अभियुक्त गुलजार उर्फ गुड्डू पुत्र भुट्टी निवासी भिखमपुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ के कब्जे से दो राशि गोवंश (गाय) बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना चिरैयाकोट में 61/25 धारा 3/5ए/8 गौ हत्या नि0 अधि0 व 11 पशू क्रुरता नि0 अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

1. गुलजार उर्फ गुड्डू पुत्र भुट्टी निवासी भिखमपुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।

**बरामदगी–**

1. दो राशि गोवंश (गाय)।

**गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री योगेश यादव थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।
2. उ0नि0 विरेन्द्र प्रताप दूबे थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।
3. हे0का0 राजेश यादव थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।
4. हे0का0 सुनील कुमार थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।
5. का0 दिनेश यादव थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।

**'आपरेशन क्लीन' अभियान के अन्तर्गत थाना घोसी पर मुकदमों से सम्बन्धित 01 ट्रक वाहन की नीलामी कराकर कुल ₹3,07,100 /- (तीन लाख सात हजार एक सौ रुपये) के राजस्व की प्राप्ति की गई।**

अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी श्री पियूष मोर्डिया के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद मऊ में थानों पर लंबित माल मुकदमाती/लावारिस वाहनों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे “ऑपरेशन क्लीन” अभियान के क्रम में तहसीलदार घोसी, क्षेत्राधिकारी घोसी श्री दिनेश दत्त मिश्र, थानाध्यक्ष घोसी श्री मनोज सिंह की उपस्थिति में आज दिनांक 01.06.2025 को थाना घोसी पर विभिन्न जनपदों से आये 06 रजिस्टर्ड कबाड़ व्यापारियों के समक्ष बोली लगवाकर नीलामी प्रक्रिया के अन्तर्गत 01 ट्रक वाहन का निस्तारण कराकर जीएसटी सहित कुल ₹3,07,100 /- (तीन लाख सात हजार एक सौ रुपये) राजस्व की प्राप्ति की गयी। प्राप्त धनराशि को नियमानुसार राजकोष में जमा किया जायेगा।

**महिला एच्छिक ब्यूरो के प्रयास से 05 दंपती साथ साथ रहने को हुए राजी, 53 मामलों में से 15 मामलों का हुआ निस्तारण-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में आज दिनांक 01.06.2025 को महिला एच्छिक ब्यूरो की बैठक पुलिस कार्यालय में सम्पन्न हुयी। इस दौरान एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के समक्ष कुल 53 मामले आये जिसमें एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के प्रयास से 15 मामलों का निस्तारण हुआ तथा 05 दंपति रंजना/संजय, संध्या/विशाल, समर परवीन/मोहम्मद नाहिद, रीना/राकेश, सुनंदा/देवेश आपसी मतभेद भुलाकर एक दुसरे के साथ रहने को राजी हुए। 09 फाईलें पक्षकारों की उदासीनता से बन्द की गयी। अन्य मामलों के निस्तारण हेतु ब्यूरो की बैठक की अगली तारीख 15.06.2025 दी गयी है। एच्छिक ब्यूरो की बैठक में अर्चना उपाध्याय, मौलवी अरशद, उ0नि0 समरजीत यादव, मानसिंह म0आ0 राजलक्ष्मी, करिश्मा राय उपस्थित रही।